राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

पीठासीन अधिकारी – राजपाल यादव, आर.ए.एस.

मुकदमा नंम्बर–58 /2021

ओमप्रकाश पुत्र जयदयाल उम्र 43 वर्ष जाति गुर्जर निवासी डहरवाला की ढाणी तन सिहोड़, वार्ड नं. 10 ग्राम सिहोड़, तहसील खेतड़ी, जिला झुझुनूं (राज.)

.... प्रार्थी

ब–ना–म

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी, जिला झुन्झुनू (राज)

..........अप्रार्थी

प्रार्थन पत्र – नाम दुरूस्ती

निर्णय दिनांक 20–07–2021

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम सिहोड़ पटवार हल्का सिहोड़ स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 220 प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र जयदयाल के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र जयदयाल दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार खेतड़ी से प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में चाहे गये अनुतोष के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार खेतड़ी से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी के अनुतोष के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किया जाना उचित है।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल जमाबंदी संवत् 2073–76 खाता सं. 220 ग्राम सिहोड़ पेश की गई।

बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात एवं प्रार्थना पत्र के अभिवचनों तथा जांच रिपोर्ट तहसीलदार खेतड़ी का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। राजस्व ग्राम सिहोड़ पटवार हल्का सिहोड़ स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 220 प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र जयदयाल के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र जयदयाल दुरूस्त किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। यदि उक्त भूमि रहन हो तो भूमि रहन मुक्त होने के उपरान्त ही निर्णय की पालना की जावे।

आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम सिहोड़ पटवार हल्का सिहोड़ स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 220 प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र जयदयाल के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र जयदयाल दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार खेतड़ी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 20–07–2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजपाल यादव)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी
खेतड़ी (झुंझुनू)